प्रेस-विज्ञप्ति **12.11.2021**

विषय : मर्चेंट्स चेम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश द्वारा वीमेन एंटरप्रेन्योर कमेटी (Women Entrepreneur Committee - W.E.C.) का शुभारम्भ।

आज दिनाँक 12 नवंबर, 2021 को मर्चेंट्स चेम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश के इतिहास में "महिला सशक्तिकरण" हेतु प्रथम बार वीमेन एंटरप्रेन्योर से कमेटी का गठन करके शुभारम्भ किया गया।

मर्चेंट्स चेम्बर के अध्यक्ष श्री अतुल कनोडिया ने अपने स्वागत भाषण में महिला शक्तियों का आभार व्यक्त किया एवं कहा कि हमारे आदि-ग्रंथों में नारी के महत्त्व को यहाँ तक बताया गया है कि ***"यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता:"*** अर्थात जहाँ नारी की पूजा होती है, वहाँ देवता निवास करते है लेकिन विडम्बना यह है कि नारी में इतनी शक्ति होने के बावजूद भी उसके सशक्तिकरण की अत्यंत आवश्यकता महसूस हो रही है। इसलिए ***W.E.C.*** का यह मंच सिर्फ सशक्तिकरण के लिए ही नहीं बल्कि महिला सशक्तिकरण से कहीं ऊपर उठकर वीमेन एंटरप्रेन्योर कमेटी का यह मंच विभिन्न क्षेत्र (पेशेवर / उद्यमी / धार्मिक / सांस्कृतिक / अन्य) की महिलाओं को साथ में लेकर संगृहीत रूप से चलने के लिए है। वीमेन एंटरप्रेन्योर कमेटी में विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत महिलाएं जुड़ी है, जिनके अनुभव व ज्ञान का लाभ चेम्बर को प्राप्त होगा साथ ही इस कमेटी की भावी योजनाओं में विभिन्न सेमिनार्स आयोजित किये जायेंगे जो चेम्बर के सदस्यों को लाभान्वित करता रहेगा।

चेम्बर की फिस्कल एवं कॉर्पोरेट अफेयर्स कमेटी के चैयरमैन CA सुधीन्द्र जैन ने वीमेन एंटरप्रेन्योर का परस्पर परिचय कराया।

मर्चेंट्स चेम्बर के अध्यक्ष श्री अतुल कनोडिया ने वीमेन एंटरप्रेन्योर कमेटी की समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों के नाम की घोषणा की, जो कि निम्नलिखित है:
वीमेन एंटरप्रेन्योर की **सलाहकार-** डॉ. आरती गुप्ता,
चेयरपर्सन - मिस मानसी लोहिया, व
वाईस चेयरपर्सन - मिस साक्षी भरतीया होंगी।
बैठक में उपस्थित सभी महिलाओं को वीमेन एंटरप्रेन्योर कमेटी का सदस्य बनाया गया।

मर्चेंट्स चेम्बर के पूर्व अध्यक्ष श्री महेंद्र मोहन गुप्ता ने मर्चेंट्स चेम्बर के अध्यक्ष श्री अतुल कनोडिया को इस नेक कार्य के लिए सराहा साथ में आशीर्वाद दिया तथा वीमेन एंटरप्रेन्योर कमेटी की महिला सदस्यों को कमेटी से सम्बंधित उनकी भावी योजनाओं के लिए प्रेरित किया और यह भी आशा की कि यह कमेटी महिला उत्थान के प्रत्येक क्षेत्र में कार्य करेगी और चेम्बर के पटल पर एक नया कीर्तिमान स्थापित करेगी।

सत्र का संचालन मर्चेंट्स चेम्बर के सचिव- श्री महेंद्र नाथ मोदी ने किया व अंत में धन्यवाद-प्रस्ताव श्रीमती सीमा लाहोटी ने ज्ञापित किया।

सत्र में मुख्य रूप से श्रीमती श्वेता पांडेय, श्रीमती रमा भार्गव, श्रीमती पूर्वा दुबे, श्रीमती शालिनी पाण्डेय, श्रीमती अदिति सारस्वत, श्रीमती सबीना कोठीवाल, श्रीमती नूपुर गुप्ता, श्रीमती श्रीमती वैशाली बियानी, अदि उपस्थित रहे।